


## सार-समाचार

### दिव्यांग बालकों के लिए शिविर लगा

**गुड़ामालानी**, (निसं)। समग्र शिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करने के लिए द्वितीय अभिभावक परामर्श शिविर का आयोजन खंड स्तरीय दिव्यांग सन्दर्भ कक्ष राउमावि गुडामालानी में किया गया। इसमें अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप संदर्भ कक्ष भेजने की बात कही। संदर्भ कक्ष प्रधानाचार्य हितेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में परामर्श शिविर का आयोजन किया। इन्होंने बताया कि गुडामालानी संदर्भ केंद्र सुव्यवस्थित तरीके से चलाया जा रहा है। दिव्यांग बच्चे से संबंधित किसी भी कार्य के लिए इनका कार्य सराहनीय है। संदर्भ व्यक्ति पवन कुमार नायक ने शिविर में दिव्यांगों को प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड बनवाने की प्रक्रिया और इसके लाभों की जानकारी दी। दमा राम संदर्भ व्यक्ति ने बताया कि जिला अस्पताल में दिव्यांग केंद्र की स्थापना की गई है। जहां पंजीकरण कराने के बाद दिव्यांग बच्चों को निशुल्क उपकरण वितरित किए जा रहे हैं। स्पेशल एजुकेटर जगदीश ने समेकित शिक्षा के अंतर्गत दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं पर प्रकाश डाला। संदर्भ व्यक्ति नायक ने बताया कि शिविर में 12 बच्चों को निःशुल्क यात्रा हेतु निःशुल्क बस पास, 63 बच्चों के लिए विभिन्न भत्तों की राशि पंचायत प्रारंभिक शिक्षा के माध्यम से 2,55,824 राशि ट्रांसफर की गई जो सीधे बच्चों के खाते में ट्रांसफर की जाएगी । गुडामलानी के राउमावि गोलिया गर्वा के दो बच्चों का बॉसी बॉल खेल में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। दमाराम ने बताया कि होम बेस्ड शिक्षा, दैनिक गतिविधियों, स्पर्श ज्ञान, चित्र पहचान आदि विषयों पर जानकारी देते हुए अभिभावकों का रजिस्ट्रेशन कार्य भी किया। कार्यक्रम का संचालन पवन नायक ने किया। हरदेव शर्मा ,शेखर लावा एवं अभिभावक आदि मौजूद रहे।

### जोधपुर में बाइक से गलियों में गश्त होगी

**जोधपुर**, (कासं) । शहर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए अब बाइक पर भी रात में पुलिस गश्त शुरू की गई है। अब चाहे शहर के भीतरी क्षेत्र की तंग गलियां हों या फिर बाहरी क्षेत्र में दुर्गम घाटियां, सभी जगह पुलिस की गश्त पहुंचेगी। पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश ने ट्रायल बेस पर बुधवार देर रात 12 बजे जालोरी गेट से पुलिसकर्मियों को रवाना किया। नाइट गश्त के प्रभारी एडीसीपी (मुख्यालय) सुनील के. पंवार की देखरेख में गश्त के लिए बाइक्स को रवाना किया गया। पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि तीन दिन पहले ट्रायल गश्त की नई व्यवस्था लागू की गई। जिसके तहत बाइकों से कांस्टेबल भीतरी शहर सहित कई जगहों में जाकर गश्त कर रहे हैं। इसका असर यह हुआ कि पिछले तीन दिन में चोरी की रिपोर्ट नहीं आई है। कोशिश है कि बुजुर्ग, महिलाएं और रात में काम करने वाले लोगों में सुरक्षा का माहौल बने और वह सुरक्षित होकर घरों से निकलें और अपना काम करें। उन्होंने कहा कि पुलिस बाइक पर रात में हर जगह घूमती नजर आई। आमतौर पर शिकायत थी कि पुलिस सघन इलाकों में गश्त नहीं कर पाती। इसी को देखते हुए 65 से 70 बाइक शहर की गश्त करने निकलेंगी। तीन दिन में सीएलजी सदस्यों व वहां के जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। इसके सार्थक परिणाम सामने आए।

### रंगाई-छपाई की अवैध हौदियां ध्वस्त की

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार निरन्तर अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर कार्यवाही की जा रही है। जेडीए दस्ते द्वारा बुधवार को ग्राम पीपराली के ख.सं. 638 में रंगाई-छपाई के कार्य के लिए निर्मित अवैध हौदियों को ध्वस्त किया गया। प्राधिकरण सचिव श्रीमती चंचल वर्मा के आदेशानुसार तहसीलदार जोन 4 सुनिता चारण के निर्देशन में ग्राम पीपराली के ख.सं. 638 के मौका निरीक्षण के दौरान रंगाई-छपाई के कार्य की विभिन्न अवैध हौदियां एवं ट्ययूबैल निर्मित पायी गयी। जेडीए दस्ते द्वारा राज. राज्य प्रदूषण विभाग व जेडीए की बिना अनुमति एवं सक्षम स्वीकृति के निर्मित उक्त अवैध सीमेंट की हौदियों को दो जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। इस दौरान प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत एवं जोगेन्द्र सिंह चैधरी, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, योगेश गहलोत, पटवारी दुर्गा महला, झंवर पुलिस थाना जाब्ता एवं पुलिस लाईन जाब्ता मय जेडीए दस्ता मौजूद रहा।

### डॉ. दीपक की नीट पीजी में 3831 रैंक

**भीनमाल**, (निसं )। शहर के होनहार छात्र डॉ. दीपक सोनी पुत्र जी.आर. सोनी ने नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 3831 प्राप्त कर भीनमाल सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ. दीपक की इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड गई। डॉ. दीपक सोनी को उनकी शानदार रैंक के आधार पर एम.डी. जनरल मेडिसिन की सीट एम.पी. शाह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, जामनगर में आवंटित हुई है। यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है। डॉ. दीपक सोनी की इस सफलता पर उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। परिवारजनों ने बताया कि दीपक शुरू से ही पढाई में मेहनती और अनुशासित रहे हैं। उन्होंने निरंतर परिश्रम और समर्पण के साथ तैयारी कर यह मुकाम हासिल किया। परिवार ने इस सफलता का श्रेय डॉ. दीपक की मेहनत, माता-पिता के मार्गदर्शन तथा शिक्षकों के सहयोग को दिया। वहीं क्षेत्र के कई सामाजिक संगठनों, रिश्तेदारों एवं मित्रों ने भी डॉ. दीपक को शुभकामनाएं ही।

### जे.डी.सी. उत्साह चौधरी ने बैठक ली

**जोधपुर**, (कासं) । आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण श्रीमान् उत्साह चैधरी द्वारा बुधवार, 04 फरवरी को उच्च अधिकारीगण की समीक्षात्मक बैठक आयोजित कर प्राधिकरण की विभिन्न ऑनलाईन सेवाओं, राजस्थान सम्पर्क, लोकायुक्त, मानवाधिकार, राजकाज इत्यादि के प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में सचिव श्रीमती चंचल वर्मा, उपायुक्तगण, निदेशकगण, इएसीपी कैलाश जोशी, तहसीलदारगण, अभियन्तागण, जेडीए आईटी सेल के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में आयुक्त द्वारा प्राधिकरण की विभिन्न आनलाईन सेवाओं 90ए, भवन निर्माण स्वीकृति, लीजडीड, प्रोपर्टी आईडी जारी करना, नाम हस्तांतरण, उपविभाजन एवं पुनर्गठन इत्यादि के लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश प्रदान किए गए।

### मुख्य सचेतक का जन्मदिन मनाया

**जालोर**, (कासं)मुख्य सचेतक केबिनेट मंत्री जोगेश्वर गर्ग का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौसेवा के रूप में मनाया। भाजपा जिला प्रवक्ता दिनेश महावर ने बताया कि जालोर के स्थानीय विधायक राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक केबिनेट मंत्री जोगेश्वर गर्ग के जन्मदिन के उपलक्ष पर जालोर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के नेतृत्व में जालोर सिरे मंदिर रोड स्थित आदर्श गोशाला में गोमाता को हरा चारा खिलाकर ओर गुड खिलाकर जन्मदिन मनाया तथा उनके स्वस्थ जीवन उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए प्रेषित की। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री गजेंद्रसिह सिसोदिया,जिला उपाध्यक्ष मुकेश राजपुरोहित,मन की बात संयोजक सुरेश सोलंकी,नगर महामंत्री सुरेश सुन्देशा,ग्रामीण मंडल महामंत्री जयंतीलाल माली,सोशल मीडिया प्रभारी जोगेश सेन, आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 'नामवर सिंह विशेषांक' का लोकार्पण कल

**जोधपुर**, (कासं) । जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर, हिन्दी विभाग की शोध पत्रिका 'साहित्य संवाद' के 'नामवर सिंह विशेषांक' का लोकार्पण 7 फरवरी को हिन्दी विभाग के स्मार्ट कक्ष में किया जाएगा। संयोजक डॉ. प्रेमसिंह राजपुरोहित ने बताया कि नामवर सिंह 16 अक्टूबर 1970 से 30 सितम्बर 1974 तक हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं कला संकाय के अधिष्ठाता रहे। इस अवधि में उन्होंने पाठ्यक्रम निर्माण का महत्त्वपूर्ण कार्य किया, जिसे बाद में देश के अनेक विश्वविद्यालयों, लोक सेवा आयोगों एवं यूजीसी द्वारा अपनाया गया।

# मधुमेह जागरूकता पर आयुर्वेद वि.वि. में राष्ट्रीय गोष्ठी आयोजित

**जोधपुर**, (कासं) । डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, करवड़, जोधपुर के स्नातकोत्तर अध्ययन संस्थान (पीजीआईए) मे आज मधुमेह जागरूकता पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई।

इस संगोष्ठी का आयोजन स्नातकोत्तर रोग निदान, कौमारभृत्य एवं कायचिकित्सा विभाग द्वारा डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया गया। संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से 300 से अधिक प्रतिभागियों-आयुर्वेद एवं आधुनिक चिकित्सा के चिकित्सक, शिक्षाविद्, शोधार्थी एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम पीजीआईए सेमिनार हॉल में प्रातः 8:45 बजे से सायं 4:45 बजे तक आयोजित आयोजित किया गया।

उद्घाटन सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान धन्वंतरि पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रोफेसर(डॉ.) गोविंद प्रसाद गुप्ता, विभागाध्यक्ष, रोग निदान विभाग, पीजीआईए, जोधपुर द्वारा स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया गया। विशेष अतिथि प्रोफेसर (वैद्य) श्रीकृष्ण शर्मा खांडल, पूर्व विभागाध्यक्ष, रोग निदान विभाग, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर ने आयुर्वेद में मधुमेह की अवधारणा एवं उसकी रोकथाम पर विचार व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल ने अपने संबोधन में मधुमेह को वर्तमान समय की गंभीर जीवनशैलीजन्य चुनौती बताते हुए आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से रोकथाम एवं प्रबंधन पर बल दिया।

उद्घाटन सत्र का धन्यवाद ज्ञापन प्रो. चंदन सिंह, प्राचार्य, पीजीआईए, जोधपुर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को तीन वैज्ञानिक सत्रों में विभाजित किया गया। प्रथम वैज्ञानिक सत्र में, पीजीआईए, जोधपुर तथा प्रो. (डॉ.) चंदन सिंह, प्राचार्य, पीजीआईए, जोधपुर एवं प्रोफेसर ए निलिमा ने अध्यक्षता की। इस सत्र में प्रो. (वैद्य) श्रीकृष्ण शर्मा खंडेल ने आयुर्वेद में मधुमेह की संकल्पना-निदान, संप्राप्ति एवं रोकथाम विषय पर व्याख्यान दिया, जबकि डॉ. चंद्रांशु, सहायक आचार्य, हरियाणा ने मधुमेह में आयुर्वेद एवं आधुनिक चिकित्सा के समन्वित दृष्टिकोण पर प्रस्तुतीकरण दिया।

द्वितीय वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता डॉ. राजा राम अग्रवाल, उत्कृष्टता केंद्र, पीजीआईए, जोधपुर तथा डॉ. अरुण दाधीच, स्नातकोत्तर रोग निदान विभाग, पीजीआईए, जोधपुर ने की। इस सत्र में प्रो. मिताली मुखर्जी, पूर्व विभागाध्यक्ष, बायोसाइंसेज विभाग, आईआईटी, जोधपुर ने मधुमेह की स्क्रीनिंग, मॉनिटरिंग एवं व्यक्तिगत उपचार में तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर व्याख्यान दिया।

प्रो. रविंद्र शुक्ला, अतिरिक्त प्रोफेसर, एंडोक्राइनोलॉजी विभाग, एम्स, जोधपुर ने टाइप-2 डायबिटीज के आधुनिक निदान एवं साक्ष्य आधारित प्रबंधन पर अपने विचार प्रस्तुत किए। तृतीय वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) देवेंद्र सिंह चाहर, अधिष्ठाता अनुसंधान, पीजीआईए, जोधपुर तथा प्रो. (डॉ.) दिनेश चंद्र शर्मा, विभागाध्यक्ष, क्रिया शरीर विभाग, पीजीआईए, जोधपुर ने की। इस सत्र में डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा, विभागाध्यक्ष, स्वास्थ्यवृत्त विभाग, पीजीआईए, जोधपुर ने मधुमेह में औषधीय एवं पंचकर्म उपचारः नैदानिक अनुभव विषय पर व्याख्यान दिया।

इसके पश्चात प्रोफेसर हरिश कुमार सिंघल, विभागाध्यक्ष, कौमारभृत्य विभाग, पीजीआईए, जोधपुर ने भारत में मधुमेह की सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियां विषय पर अपने विचार रखे। जबकि अंत में प्रो. (डॉ.) गोविंद प्रसाद गुप्ता ने जीवनशैली विकार एवं मधुमेह की रोकथाम में आयुर्वेद की भूमिका पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

समापन सत्र में प्रो. (डॉ.) हरिश कुमार सिंघल द्वारा संगोष्ठी का समठा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा समापन संबोधन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

# गुड़ामालानी के नया नगर मैदान में हिंदू सम्मेलन 7 को

**गुड़ामालानी**, (निसं)। विराट हिन्दू सम्मेलन 7 फरवरी को नया नगर के खेल मैदान में आयोजित होगा।

हिन्दू सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज को संगठित करना, सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ करना, सामाजिक समरसता को बढावा देना, राष्ट्र के प्रति सामाजिक दायित्वो का बोध करवाना है। विराट हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता बाडमेर विभाग प्रचारक जगदीश कुमार होगे। उनके अलावा अनेक साधु संतों का पावन सानिध्य रहेगा जिसमें महंत सुमेरभारती महाराज आलपुरा मठ, काशीनाथ महाराज रावलीनाडी, मंहत रामलखनदास श्री रामबाग मन्दिर गुडामालानी, मुकेशनाथ महाराज झरडा जी की पाल, अर्जुनपुरी महाराज ढिम्बडी, रामभारती महाराज पायला दुदेश्वर मठ, रामगिरी महाराज सिन्धासवा हरनीयान नीलकंठ महादेव मङ्ग का पावन सानिध्य मिलेगा।

सम्मेलन को लेकर नगर मंडल के नया नगर, नगर, मालियों की ढाणी, धांधलावास, रावली नाडी,गोलिया गर्वा, गोगाजी का थान, जम्भेश्वर नगर, देशान्तरी नाडी, नेहरों का वास आदि गाँवों में सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। इस क्रम में रामदेव सेवा केम्प में आयोजित बैठक में सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

कार्यक्रम स्थल तक अधिक से अधिक सनातनियों को लाकर आयोजन को सफल बनाने की विस्तृत योजना तैयार की गई। बैठक को जिला महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख रोहिताश, जिला बाल कार्य प्रमुख खेराजराम गुजर, आयोजन समिति के संयोजक गोविंद गिरी, मंडल कार्यवाह हितेंद्र सिंह सोलंकी ने संबोधित किया। वक्ताओं ने सम्मेलन को विराट सफलता दिलाने का आव्हान करते हुए प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया। साथ ही जनता को कार्यक्रम स्थल तक लाने एवं कार्यक्रम उपरांत वापस ले जाने की व्यवस्था की जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गईं।

सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। नगर क्षेत्र में पहली बार आयोजित हिन्दू सम्मेलन को ऐतिहासिक ओर भव्य बनाने के लिए अलग-अलग गांव में जनसंपर्क कर कार्यक्रम में आने के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है। हिन्दू सम्मेलन को लेकर रामदेव सेवा केम्प में विराट हिन्दू सम्मेलन संदेश राम रथ को भगवी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो नगर मंडल के सभी गांवों के, कस्बों से रथ निकाला जाएगा। जहां हिन्दू सम्मेलन में ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा भाग लेने का आव्हान करेंगे।

इस दौरान रोहिताश, खेराजराम गुजर, भागीरथ भोगराज, गोविंद गिरी, हितेंद्र सिंह सोलंकी, सूबेदार बीरबल सिंह फौजी, जगदीश, बाबूलाल, छगनलाल, श्री राम, जोगाराम, करण सिंह, हुकमाराम गोयल, सेल गिरी, भीम सिंह, खीमसिंह, राणाराम घासी, राहुल सोनी, केसरीमल सोनी, कृष्ण प्रजापत, मदनलाल गौड, उदयराज गोदारा सहित संचालन समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

हिन्दू सम्मेलन में वाहन रैली, कलश यात्रा, भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संत प्रवचन, महिला सशक्तिकरण पर मातृशक्ति उद्बोधन एवं भारत माता की भव्य आरती मुख्य आकर्षण रहेगी। यह जानकारी कार्यक्रम के मीडिया प्रमुख मदनलाल गौड ने दी।

# पत्रकारों का बीमा शिविर लगा

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर जिला पत्रकार संस्थान के बैनर तले एक दिवसीय जीवन दुर्घटना बीमा केम्प का आयोजन सूचना केंद्र जालोर में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में जिले के पत्रकारों का बीमा किया गया।

पत्रकार संस्थान के अशोक सुंदेशा व उजीर सिलावट ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि जिला पत्रकार संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सुंदेशा के दिशा निर्देशन में आयोजित एक दिवसीय जीवन दुर्घटना बीमा केम्प पोस्ट ऑफिस की योजना का आयोजन सूचना केंद्र, जालोर में आयोजित किया गया। पोस्ट ऑफिस के बीमा अधिकारियों ने जीवन दुर्घटना बीमा की जानकारी देते हुए बीमे से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी दी। बीमा प्रीमियम केम्प की जानकारी देते हुए सुरेश गर्ग ने बताया कि पत्रकारिता के दौरान पत्रकार हमेशा रात दिन की भागदौड़ में जीवन दुर्घटना बीमा की महत्ती आवयश्यकता होती है ऐसे में पोस्ट ऑफिस की योजना पत्रकार साथियों के लिए आवश्यक हैं जिसे आज केम्प में पूरा किया जा रहा हैं।

सूचना केंद्र में आयोजित बीमा केम्प में साबिर खान नेपाली ने बीमा प्रीमियम केम्प के हर पहलू पर ध्यान देने की बात कहकर जीवन में दुर्घटना बीमे को अभिन्न अंग बताया। जीवन बीमा के दौरान जालोर जिला पत्रकार संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सुंदेशा,जबरू पठान, दिनेश सुंदेशा,भरत सांखला, ठाकराराम, मफतलाल गर्ग, साबिर सागर, हुकमीचंद सोलकी, प्रवीण सोलंकी, विक्रम सिंह पंचानवा, संजीव भाई आहोर, सुरेश गर्ग, गोपाल प्रजापत, सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों ने जीवन बीमा करवाकर पोस्ट ऑफिस की जीरो बैलेंस खाता खुलवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। केम्प के आयोजन में पत्रकारों को बीमे प्रीमियम का बॉन्ड भी दिया गया जिसमें एक लाख रूपये तक दुर्घटना बीमा और दस लाख रूपये का जीवन बीमा किया गया।

## युवक की ट्रेन की चपेट से मौत

**जोधपुर**, (कासं) । निकटवर्ती माणकलाव रेलवे क्रॉसिंग के पास में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। उसके भाई की तरफ से करवड़ थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जोधपुर जिले के करवड़ थाना पुलिस ने बताया कि माणकलाव करवड़ निवासी 25 साल का रूकमणराम पुत्र नरपत राम माणकलाव रेलवे क्रॉसिंग से निकल रहा था। तब वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

उसके भाई जयराम ने मर्ग में रिपोर्ट दी है। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया।

# बाफना सदन में शिव सेना की बैठक आयोजित

**जालोर**, (कासं)। शिव सेना के राजस्थान प्रभारी राजकुमार बाफना उपस्थिति में भीनमाल स्थित बाफना सदन में शिव सेना जालोर जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बाफना ने संगठन को मजबूती देने हेतु कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया और जमीनी स्तर पर शिव सेना को और अधिक सशक्त बनाने का आव्हान किया। अपने संबोधन में बाफना ने कहा कि शिव सेना जालोर में गरीबों, पीडतिों और शोषितों की आवाज बनकर उभरी है। भाद्राजून लाटा भूमि प्रकरण में भूमाफियाओं द्वारा गरीबों के मकान तोडकर उन्हें भूमिहीन किया गया था, उस समय शिव सेना यूबीटी ने पीडितों की आवाज बनकर उन्हें न्याय दिलाने की लोकतांत्रिक लडाई लडी। उन्होंने कहा कि भले ही वर्तमान में शिव सेना के विधायक या सांसद न हों, फिर भी जालोर जिले में पार्टी सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते हुए पीडितों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है।उन्होंने संगठन विस्तार के लिए घर-घर शिव सैनिक अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा आगामी पंचायत और नगरपालिका चुनावों में कार्यकर्ताओं को चुनाव लडने के लिए तैयार रहने का आव्हान किया। राजस्थान प्रभारी बाफना ने स्पष्ट किया कि शिव सेना की नीति है। बैठक में शिव सेना जालोर जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित ने पिछले तीन वर्षों में किए गए जनहित कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रभारी बाफना को दी। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने भी संगठन की मजबूती के लिए अपने सुझाव और फीडबैक प्रस्तुत किए।

जिला प्रवक्ता रमेश गहलोत, जिला उप प्रमुख मांगीलाल पुरोहित, जिला उप प्रमुख अनवर खान, जिला उप प्रमुख नारायण सिंह राजपुरोहित, जालोर शहर प्रमुख मिश्रीमल परिहार, आहोर तहसील प्रमुख विक्रम सिंह राजपुरोहित, मेगलवा ग्राम प्रमुख बाबूलाल देवासी, जसवंतपुरा तहसील प्रमुख उमराम पुरोहित, सोमता ग्राम प्रमुख अजरूद्दीन खान, सदस्य श्रवण सिंह सहित कई जने उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय पशु मेला की तैयारी

**जालोर**, (कासं)। मां कात्यायनी माता जी राज्य स्तरीय पशु मेला सायला की पूर्व तैयारी को लेकर पंचातय समिति वीसी हाल में बैठक हुई

एसडीएम सूरजभान विश्नोई की अध्यक्षता एवं मैला प्रभारी जॉइन्ट डाइरेक्टर गिरधरसिंह सोढा, तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, बीडीओ गौरव विश्नोई, ई ओ नगरपालिका सुशील राजपुरोहित, स्थानीय मैला कमेटी के सुरेश राजपुरोहित, उत्तम सिंह धवेचा, मंगलसिंह सायला,पूर्व प्रधान हडमतसिंह सोढा, बलवंतराज आसाना, नरेन्द्रसिंह ओटवाला, पांडवसिंह चौराऊ, ए. ई एन. पीएचईडी रूपेंद्र सिंह, डॉक्टर दरगाराम चौधरी, ए ई एन डिस्काम शैलेन्द्र यादव,आयूर्वेद विभाग मितुल मंडा,पशुपालन विभाग के डॉक्टर संजय माले, डॉक्टर जगदीश विश्नोई, डॉक्टर पूनमचंद विश्नोई सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय मैला कमेटी के पदाधिकारी, पशुपालक उपस्थित रहे।

# गौरव भाटिया ने केंद्रीय बजट की बारीकियां समझाई

**जोधपुर**, (कासं) । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि भारत को दुनिया की उभरती हुई शक्ति है। भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 11 वीं अर्थव्यवस्था से छलांग लगाकर आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

गौरव भाटिया आज यहां सर्किट हाउस में मीडिया से रूबरू थे। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के बजट की बारीकियों को साझा किया।

भाटिया ने विकास दर के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि जहां विकसित देश एक से तीन प्रतिशत के बीच जूझ रहे हैं, वहीं भारत 7.4 प्रतिशत से 7.8 प्रतिशत की दर से आगे बढ रहा है। उन्होंने बताया कि यूपीए सरकार के समय की 11 प्रतिशत महंगाई दर अब सिमटकर तीन से चार प्रतिशत पर आ गई है। साथ ही, वित्तीय घाटे को 4.3 प्रतिशत पर लाना एक बड़ी उपलब्धि है। बजट को फ्यूचरिस्टिक बताते हुए उन्होंने एआई और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 40 हजार करोड़ रुपए के निवेश की बात कही। उन्होंने बताया कि गेमिंग और प्रोठाामिंग सेक्टर के माध्यम से 20 लाख नौकरियों का लक्ष्य रखा गया है।

इसके साथ ही, रेयर अर्थ मिनरल्स के लिए तमिलनाडु, केरल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को जोडक़र एक नया कॉरिडोर बनाया जाएगा।

उन्होंने तुलना करते हुए बताया कि कांग्रेस के समय डिफेंस बजट 2.30 लाख करोड़ से बढ़कर 5.95 लाख करोड़ और रोड-ट्रांसपोर्ट बजट 37 हजार करोड़ से बढ़कर करीब 6 लाख करोड़ हो गया है।

विपक्ष द्वारा लोकसभा सभा में किए जा रहे हंगामे को लेकर कहा कि आज का युवा यह मौका खोजता है कि काश यह मौका मुझे मिले तो मैं जनता की सेवा करूं लेकिन 54 साल का विपक्ष का नेता एक मंत्री को गद्दार बुलाता है और टेबल पर खड़े होकर लोकतंत्र के मंदिर में नारे लगाता है क्या यह उचित है। वहीं पीठासीन अधिकारी पर कागज फाड़ कर फेंकना लोकतंत्र के मंदिर का सम्मान नहीं है।

वहीं ममता बनर्जी के दिल्ली पहुंचने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की कोई चीज नहीं है। ममता बनर्जी का विश्वास संविधान में नहीं है। उन्होंने कहा कि जैसे हमने बिहार में देखा कि कांग्रेस चद्दर से सिमट का रुमाल तक आ चुकी है वैसे ही आप थोड़ा इंतजार करिए देश की जनता और पश्चिम बंगाल की जनता पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएगी।

# 8 जगह शिविर आयोजित

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर जिले मे गुरूवार को 8 गिरदावर सर्किलों पर एक दिवसीय ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया गया, जहां किसानों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक कर लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही जयपुर में फरवरी माह में आयोजित होने ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 में भाग लेने के लिए किसानों को प्रेरित किया।

संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) बाड़मेर केदार शर्मा ने बताया कि जिले में गुरूवार को गरल, चवा, बायतु पनजी, कानासर, गागरिया, गिराब, ढोक और अरटी गिरदावर सर्किलों पर एक दिवसीय ठााम उत्थान शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में क्षेत्र के किसानों को कृषि एवं उद्यान विभाग की ओर से तारबंदी, पाइप लाइन, फार्म पोंड निर्माण, बैलों से खेती की योजना, फसल बीमा योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य आदि की जानकारी दी गई।

## रात्रि चौपाल आज

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे 6 फरवरी को सायं 7 बजे से बागोड़ा उपखण्ड की बागोड़ा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल करेंगे।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जायेगा।

# राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया निंबज पहुंचे

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकटवर्ती निम्बज में आयोजित मुनिसुव्रत स्वामी भगवान के 25वें सिल्वर जुबली ध्वजारोहण समारोह का शुभारंभ आचार्य मरुधररत्न, आचार्य रत्नाकरसुरीश्वर महाराज व प्रवचन प्रभारक उदय वल्लभ सुरीश्वर महाराज के सानिध्य में हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस आयोजन में शरीक होने के लिए पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया भी शिरकत करने एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को सिरोही पहुंचे।

रेवदर के निंबज में आयोजित मुनिसुव्रत स्वामी भगवान के 25वें सिल्वर जुबली ध्वजारोहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। गुलाबचंद कटारिया सिरोही से सडक मार्ग द्वारा पावापुरी, रेवदर, जीरावल व दांतराई होते हुए निंबज पहुंचे। जहां भाजपाईयों जगह-जगह पर स्वागत सम्मान किया।

निंबज में आयोजित मुनिसुव्रत स्वामी भगवान के 25वें सिल्वर जुबली ध्वजारोहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप भाग लेने पहुंचे पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का मोनटेंक्स ग्रुप के एमडी रमणभाई जैन निंबज द्वारा 51 किलो के फूल मालाओं तथा गुलदस्ता देकर एवं शॉल ओढाकर भव्य स्वागत किया गया।

आयोजित कार्यक्रम के बाद कटारिया निंबज से जोधपुर के लिए रवाना हुए।

निंबज में मुनिसुव्रत स्वामी भगवान के आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने मंच से संबोधित करते हुए कहा की मैं जब राजस्थान में साईकल पर चलता तब से निंबज को जानता हूँ। उन्होंने कहा निंबज में जन्में मोनटेंक्स पेन ग्रुप के एमडी रमणभाई हमेशा से ही समाज सेवा में तत्पर रहते हैं, और देश-विदेश अपने गांव सहित समाज का नाम रोशन करते हैं।

उन्होंने कहा की सभी को अपने समाज में आगे रहकर अपने योग्यतानुसार समाज सेवा करनी चाहिए, ताकि किसी साधारण परिवार का उत्थान हो सके।

इस अवसर पर कटारिया ने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा के साथ जोडकर पढाई का महत्व समझाया। वहीं राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन की बेहतरीन व्यवस्था रहीं

इस दौरान विधानसभा उपाध्याय तारा भण्डारी भाजपा जिला अध्यक्ष रक्षा भण्डारी जिला प्रमुख अर्जुन परोहीत पर्व रेवदर विधायक जकसी राम कोली किसान नेता सुजानसिंह वडवज मोटेक्स राजेश जैन रिषभ जैन भवानी सिंह देवडा डॉ मोहन सिंह देवडा धिरेन्दसिह राजेन्द्र सिंह परबतसिह देवडा सम्पतभाई जैन मैलापचन्द जैन नरेंद्र सिंह देवडा हितेश जैन महेन्द्र सिंह जालमपुरा नेनसिह अनोपसिह सहित वडवज केशुआ हिम्मत पुरा निम्बज अनापुर सहित जालोर सिरोही सैकडों लोग मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर पालिका पीपाड़ शहर (जोधपुर) राज.

Tel.- (02930) 233036 e-mail:municipality.pipar@gmail.com

क्रमांक : न.पा.पी./2025-26/9434 दिनांक 03.02.2026

### -: आपत्ति सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय मे निम्न आवेदनकर्ताओ ने मॉडल राजस्थान नगर पालिका पीपाड़ शहर भवन विनियम 2020 के तहत भवन निर्माण अनुमति हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उज्र एतराज हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस मे अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेजो सहित पालिका मे कार्यालय समय के दौरान प्रस्तुत कर सकते है। बाद म्याद गुजरने पर उज्र एतराज पर कोई विचार नही किया जायेगा। सूचित रहे। आवेदित भूमि के नाप एंव पड़ौस निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | निर्माण स्थान | क्षेत्रफल वर्गमीटर | उतर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद जाति - सिलावट, निवासी - कादरी कॉलोनी, मेड़ता सिटी। | सिलावटों का बास पीपाड़ शहर | 30.00 | सहनाज पत्नी अब्दुल मनान | रास्ता | इशाक पुत्र शकुर | गली |
| 2 | श्रीमती रजिया बानू पत्नी जाकिर हुसैन, रूकसाना पत्नी सफी मोहम्मद जाति - छिपा मीरा बाई मन्दिर के पास, पीपाड़ शहर। | मेघवालों का बास, पीपाड़ शहर। | 167.77 | अणदाराम का मकान | अब्दुरहमान छिपा का मकान | लालदास चौधरी की जायगा व दुदिया बेरा का जाव | निकाल व रास्ता |
| 3 | श्रीमती रेखा जैन पत्नी रतनलाल जैन जाति - जैन, निवासी - मुथों का बास, पीपाड़ शहर। | खसरा न 2029 पीपाड़ शहर | 82.86 | चम्पालाल कोठारी | खेमचंद कोठारी | पुखराज मुणोत | रास्ता |
| 4 | श्री ओमप्रकाश पुत्र भंवरलाल, जाति- जीनगर, निवासी - शास्त्री नगर न 02 स्कूल, पीपाड़ शहर। | शास्त्री नगर न 02 स्कूल | 146.12 | मोतीलाल लखारा | चांद खां छिपा | रास्ता | गली |

राज.संवाद/सी/25/19218 अधिशाषी अधिकारी